बी.एस.सी. नर्सिंग की छात्राओं द्वारा पोषण कार्यक्रम

दिनांक 22 अप्रैल 2026 को फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के नर्सिंग विभाग में अध्ययनरत बी.एस.सी. नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर की कुल 25 छात्राओं द्वारा एक पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उनकी शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उचित पोषण एवं संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रसवोत्तर आहार (Postnatal Diet), कैल्शियम युक्त आहार (Calcium Rich Diet), फाइबर युक्त आहार (Fiber Rich Diet) तथा ब्लैंड डाइट (Bland Diet) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।